नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 23.06.2016 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की वर्ष की प्रथम छमाही बैठक श्री बी. सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा/मासंवि), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बतौर मुख्य अतिथि श्री अजय मलिक,उप निदेशक (कार्यान्वयन),पूर्वी क्षेत्र, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, कोलकाता बैठक में उपस्थित हुए। इनके अलावा नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधिगण बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के प्रारंभ में श्री त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि महोदय का शॉल,श्रीफल एवं बुके से सम्मानित किया एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति को शत-प्रतिशत लागू कराने की जिम्मेवारी मुख्य रूप से संबंधित कार्यालय प्रमुख की होती है अत: इस पर विशेष रुप से ध्यान देना चाहिए। आगे उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से तिमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट भेजने हेतु अनुरोध किया।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/ राजभाषा) द्वारा बैठक के संचालन के साथ-साथ पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, भारतीय खाद्य निगम लिमिटेड एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में गत छमाही के दौरान किए गए राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन पावर प्वाइंट के माध्यम से किया गया।

उप निदेशक(कार्यान्वयन) श्री अजय मलिक महोदय ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि राजभाषा नीति को सरकारी कार्यालयों में लागू करना हम सब की बाध्यता है इससे बच नहीं सकते। इसलिए केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालय प्रमुख को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राजभाषा हिंदी में कार्य करना, इसे बढ़ावा देना एक संवैधानिक प्रावधान होने के साथ-साथ महामहिम राष्ट्रपति द्वारा आदेशित है अत: राजभाषा हिंदी से जुड़ी नीतियों का अनुपालन करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। हम सभी अगर स्वस्थ्य मानसिकता से राजभाषा हिंदी में कार्य करें तो हिंदी में कार्य करना बिलकुल सहज हो जाएगा। श्री मलिक ने आगे कहा कि धारा 3(3) का उल्लंघन करना गैर-कानूनी है अत: किसी भी सूरत में इसका शत-प्रतिशत अनुपालन करना ही है, इसमें किसी भी प्रकार की छूट नहीं है। उन्होंने कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु विभिन्न प्रकार के हिंदी साफ्टवेयरों/ वेबसाइटों की जानकारी दी।

बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय,मुख्य अतिथि एवं यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक के कर-कमलों से नराकास, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों में गत दिनों आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके पश्चात नराकास,संबलपुर की हिंदी गृह पत्रिका '**संबलप्रभा**' के चतुर्थ अंक का विमोचन भी किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा)
राजभाषा विभाग,मुख्यालय

MCL नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठक सह कार्यशाला दिनांक 23 जून 2016	संबलप्रभा बी.सी.त्रिपाठी
बी.सी.त्रिपाठी	